ADFACTORS PR
Knowledge-driven communications

Published Date:	11 Aug 2018	Publication:	Balwas Times (Hindi)
Edition:	Indore	Page No:	2
MAV/CCM:	49440/30.9	Circulation:	1500

टीसीएस आईटी विज़ 2018 के इंदौर संस्करण की शुरुआत 24 अगस्त को

स्कूलों के लिये भारत का सबसे बड़ा टेक क्विज 12 शहरों में आयोजित होगा

इंदौर, (नप्र)। आईटी सेवा, परामर्श एवं व्यवसाय समाधान में अग्रणी टाटा कंसल्टेंसी सर्विसेज (टीसीएस) ने आज घोषणा की है कि स्कूलों के लिये भारत के सबसे बड़े टेक्नोलॉजी क्विज टीसीएस आईटी विज़ २०१८ के इंदौर संस्करण का आयोजन शुक्रवार, २४ अगस्त को यूनिवर्सिटी ऑडिटोरियम, आईआईपीएस के पास, डीएवीवी यूनिवर्सिटी कैम्पस, खंडवा रोड, इंदौर में किया जाएगा। इस आयोजन में कक्षा ८ से १२ तक के विद्यार्थी भाग ले सकते हैं। प्रत्येक संस्थान अधिकतम ८ टीमें भेज सकता है और प्रत्येक टीम में दो सदस्य होंगे। इसके लिये कोई प्रवेश शुल्क नहीं है। टीसीएस आईटी विज़ २०१८ का आयोजन भारत के १२ शहरों में होगा– अहमदाबाद, बैंगलोर, भुवनेष्वर, चेन्नई, दिल्ली, हैदराबाद, इंदौर, कोच्चि, कोलकाता, मुंबई, नागपुर और पुणे। इच्छुक संस्थानों द्वारा प्रविष्टियाँ शुक्रवार, १७ अगस्त, को या इससे पहले क्विज कोऑर्डिनेटर, टीसीएस आईटी विज़, टाटा कंसल्टेंसी सर्विसेज, मैचबॉक्स, ए २१, वसंत विहार, एसबीआई के पीछे, सत्य साई स्कूल स्क्वेयर, ए.बी. रोड, इंदौर–४५२०१०, मध्य प्रदेश को भेजी जानी चाहिये। आप पर ऑनलाइन रजिस्ट्रेशन भी कर सकते हैं।

क्विज फॉर्मेट–रिटेन प्रीलिमिनरी राउंड से षीर्श छह टीमें रीजनल्स फाइनल्स के लिये क्वालिफाई करेंगी। प्रत्येक स्कूल की टॉप स्कोरिंग टीम को ही मंच पर बुलाया जाएगा, जहाँ उसी स्कूल की टीमें फाइनल के लिये क्वालिफाई करेंगी। रीजनल फाइनल्स की विजेता टीम नेशनल फाइनल्स में भाग लेगी।

पुरस्कार: इस वर्ष के रीजनल चैम्पियन को ६०,००० रू. का गिट वाउचर मिलेगा, जबकि उपविजेता को ४०,००० रू. का वाउचर और विषेश रूप से डिजाइन की गई ट्रॉफी तथा मेडल मिलेंगे। ६ फाइनलिस्ट्स को टीसीएस से कई पुरस्कार मिलेंगे, जैसे जिम बैग, ब्लूटूथ स्पीकर्स वाली मल्टीफंक्षनल म्यूजिक टॉर्च और टीसीएस५० पेन–ड्राइव के साथ वायरलेस आउटडोर स्पीकर्स।